## दुर्लभ बीमारी का सफल इलाज

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली हॉस्पिटल में मास्टर भावेश जो सांस लेने में कठिनाई और अत्यधिक कमजोरी से परेशान थे, का डॉ. रमेश पटेल और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक इलाज किया गया। गहन जांच के दौरान पता चला कि मास्टर भावेश को दुर्लभ बीमारी एबरनैथी मालफॉर्मेशन है। डॉ. रमेश पटेल ने बताया कि इस बीमारी में आंतों का खून लीवर में जाने की बजाय शॉर्ट सर्किट होकर सीधे हृदय में चला जाता है, जिससे शरीर में अमोनिया का स्तर बढ जाता है। यह स्थिति लीवर और हृदय दोनों के फेल होने का कारण बन सकती है। मास्टर भावेश (13) को तत्काल ऑपरेशन के लिए लिया गया। डॉ. रमेश पटेल और उनकी टीम जिसमें डॉ. सीताराम, डॉ. गौरव, डॉ. दिलीप, डॉ. रोहित, और डॉ. महेंद्रु शामिल थे, ने एक घंटे के भीतर पैर की नस के माध्यम से मालफॉर्मेशन को चिन्हित किया।

# चिकित्सालय का निरीक्षण कर सुविधाओं की ली जानकारी

■ जस्टिस झाला ने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य जस्टिस रामचन्द्र सिंह झाला ने महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपचार कराने आये मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर भी उनके साथ थे।

चिकित्सालय के अधीक्षक डा. आर. एल. सुमन ने चिकित्सालय की कार्य व्यवस्था, स्टाफ पैटर्न, साफ-सफाई, रजिस्ट्रेशन इत्यादि की जानकारी प्रदान करते हुए चिकित्सालय प्रशासन द्वारा किये जा रहे नवाचारों से अवगत कराया। क्यू आर आधारित व्यवस्था से श्री झाला प्रभावित हुए और कहा कि वास्तव में समयबद्ध रूप से यदि समस्या का समाधान हो रहा है तो यह प्रशंसनीय है। उनके द्वारा चिकित्सालय परिसर में विभिन्न वार्डों, निशुल्क दवा केन्द्र, शौचालयों एवं पीने के पानी की व्यवस्था के साथ सीटी स्कैन, एम.आर.आई, सोनोग्राफी कक्ष, जाँच केन्द्र आदि का अवलोकन किया और निशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा योजना की जानकारी ली। जस्टिस झाला ने आईसीयू वार्ड में उपचाररत मरीज एवं उसके परिजनों से बात की, एक मरीज सात माह से उपचाररत है, उसके परिजनों ने बताया कि जांच एवं इलाज का कोई पैसा नहीं लगा है। इस पर जस्टिस झाला ने संतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। डॉ. सुमन ने सेतु पोर्टल की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से क्यू आर कोड के मार्फत इस पोर्टल पर संदेष मिलने पर तुरंत मरीज के परिजनों को न केवल गाइड किया जाता अपितु उसके पहुंचने से पहले ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाती है और मरीज को बिना देरी उपचार सुलभ हो जाता है। इसके पश्चात आरएनटी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. विपीन माथुर ने जस्टिस झाला को सुपर स्पेशियलिटी विंग का विजिट कराया। कैंसर रोग के पीड़ितों के इलाज के लिए उच्च तकनीकी वाली मषीनों के बारे में दी।

## उड़ीसा की उपमुख्यमंत्री की लक्ष्यराज सिंह से शिष्टाचार भेंट

**उदयपुर, (कासं)।** उडीसा की उपमुख्यमंत्री प्रवाती ने मेवाड के पूव राजपरिवार के सदस्य डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड सिटी पैलेस मे शिष्टाचार भेंट की उपमुख्यमंत्री प्रवाती और डॉ लक्ष्यराज सिहं के बीच करीब एक घंटा तक मेवाड के गौरवशाली इतिहास कला संस्कृति मेवाड के महाराणाओ के शौर्य पराक्रम त्याग बलिदान और देश दुनिया के विभिन्न विषयो पर चर्चा हुई।

# सम्मान समारोह आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** मेवाड जनशक्ति दल एवं नगर निगम उदयपुर के तत्वाधान में सुखाडिया रंगमंच टाउन हॉल में रविवार को स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती के आशीर्वचन मुख्य अतिथि बाबूलाल खराडी कैबिनेट मंत्री, अध्यक्षता गिरीश जोशी, विशिष्ट अतिथि फूल सिंह मीणा ग्रामीण विधायक, मुख्य वक्ता के के गुप्ता कोर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार, धीरेंद्र सचान समाजसेवी एवं निदेशक केएस मिनरल, कार्यक्रम संयोजक कपिल पालीवाल एवं डॉ. नंदलाल जोशी तथा संस्थापक नरेश शर्मा द्वारा उदयपुर को स्वच्छ बनाने एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मेवाड जनशक्ति दल उदयपुर शहर में लंबे समय से अपनी सेवाओं के नाम से जाना जाता है चाहे वह गरीब को कपडे देना हो, भोजन देना हो, जूते चप्पल देना हो परंतु अब स्वच्छता को लेकर उदयपुर को समग्र स्वच्छ बनाने का दृढ निश्चय कर एक कदम स्वच्छता की ओर बढाया है इसमें केवल शहर को स्वच्छ बनाने का हो या झीलों की स्वच्छता तथा शहर में पर्यावरण को शुद्ध बनाने का हो हर क्षेत्र में जन जागृति लाकर इस मिशन पर संभव ही नहीं अपितु असंभव प्रयास किए जाएंगे जो आमजन को केवल स्वस्थ ही नहीं रखेगा अपितू लंबी उम्र भी देगा जो सपना उदयपुर के रहने वाले पंजाब के गवर्नर गुलाबचंद कटारिया ने स्वच्छ उदयपुर बनाने का सपना देखा था उसे धरातल पर उतारने का कार्य आमजन में जन जागृति लाकर किया जाएगा। सर्वप्रथम निगम से दो वार्ड गोद लेकर इस कार्य को प्रारंभ किया जाएगा तथा शहर में जगह-जगह फैल रहे प्लास्टिक की थैलियां से फैल रही गंदगी, जानवरों की मौत एवं जो जानवर प्लास्टिक खा रहे हैं उनके दूध पीने से कैंसर जैसी बीमारी होने की संभावना पैदा होती है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए दो वार्डो में यह कार्य विजन के साथ करके पूरे शहर को स्वच्छता से जोडने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

### परिशिष्ट-IV-ए
### (नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)
### अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) सहमति | (iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) निलामी की तिथि व समय | (viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपये 500482.48/- डिमांड नोटिस तिथि 18 नवम्बर 2023 | 43156674 | नाना लाल कीर, कमला देवी एवं नाना लाल कीर पुत्र उदय लाल कीर | रूपये 696750.00/- | रूपये 69675.00/- | 18 फरवरी 2025 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक | 17 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 12 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक | नाम-अशोक मीणा, सम्पर्क नम्बर-7610914383 नाम-आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर-7737204242 |

गिरवी सम्पत्ति का पता-सम्पत्ति पट्टा नं. 521, आरजी नं. 268, ग्राम-वगजपुरा, ग्राम पंचायत-खादनामनिया, तहसील-रेलमगरा, जिला-राजसमन्द, राजस्थान-313207 का पूरा एवं प्रत्येक भाग, त्रफल 1080 वर्गफिट और सीमाये है पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-खाली भूमि, उत्तर-कालूराम/हमीर कीर का मकान, दक्षिण-मोहन/पोखर जी कीर का बाडा

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) सहमति | (iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) निलामी की तिथि व समय | (viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | रूपये 611171.31/- डिमांड नोटिस तिथि 18 नवम्बर 2023 | 64162537 | अमर सिंह एवं उदल मनोहर | रूपये 875850.00/- | रूपये 87585.00/- | 18 फरवरी 2025 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक | 17 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 12 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक | नाम-अशोक मीणा, सम्पर्क नम्बर-7610914383 नाम-आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर-7737204242 |

गिरवी सम्पत्ति का पता- सम्पत्ति पटा नं. 5657, अराजी नं. 703, ग्राम चाकुरी, ग्राम पंचायत-गुल्डली, पंचायत समिति एवं तहसील-भूपाल सागर, जिला चित्तौडगढ, राजस्थान-312205 का पूरा एवं प्रत्येकभाग, क्षेत्रफल 933 वर्गफिट और सीमायें है पूर्व-सोतम/नाथू कुम्हार, पश्चिम-भंवर सिंह/भोली सिंह, उत्तर-आम रास्ता दक्षिण-नाथू/कानू गदरी

| क्र. सं. | (i) डिमांड नोटिस राशि | (ii) सहमति | (iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) | (v) आरक्षित मूल्य राशि | (vi) ईएमडी राशि | (vii) निलामी की तिथि व समय | (viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय | (ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | (x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | रूपये 478117.55/- डिमांड नोटिस तिथि 20 जनवरी 2024 | 38146888 | लक्ष्मण लाल बुनकर राम लाल बुनकर एवं सुशीला बाई बुनकर | रूपये 963750.00/- | रूपये 96375.00/- | 18 फरवरी 2025 प्रातः 11.00 से दोपहर में 1.00 तक | 17 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक | 12 फरवरी 2025 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक | नाम-अशोक मीणा, सम्पर्क नम्बर-7610914383 नाम-आंचल शर्मा, सम्पर्क नम्बर-7737204242 |

गिरवी सम्पत्ति का पता- भूमि क्षेत्रफल 675 वर्गफिट, पट्टा नं. 025, अराजी नं. 1103, ग्राम-रावटिया, ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति- भूपाल सागर, जिला-चित्तौडगढ(राज.) 312204 का पूराएवं प्रत्येक भाग, और सीमाये है- पूर्व-भैरूलाल पुत्र सवाई राम जी जाट, पश्चिम-रास्ता शांतिलाल, उत्तर-श्री शान्ति लाल पुत्र सवाई राम जी बुनकर, दणि-श्री शान्तिलाल पुत्र सवाई राम जी बुनकर

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 13.01.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- राजस्थान आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** हिन्दुस्तान जिंक के देबारी स्थित जिंक कौशल केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस उत्सव के माध्यम से कौशल केन्द्र के प्रशिक्षुओं ने रचनात्मकता और उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं के नवाचार और टीम वर्क के साथ मिस्टर चाट, मिसेज सैंडविच, शेक हेवन और चट-पट-चाट जैसे अनोखे नाम वाले स्टॉल लगाए गए। पहल ने युवा सशक्तिकरण के महत्व जिसमें छोटे विचारों को प्रभावशाली कार्यों में बदलने की क्षमता और स्वामी विवेकानंद की दूरदर्शी भावना को दर्शाया गया।

इस समारोह में प्रशिक्षुओं द्वारा हासिल की गई हाल की उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। खाद्य और पेय सेवा प्रबंधन बैच के सात प्रशिक्षुओं ने डेला रिसॉर्ट, लोनावाला, महाराष्ट्र में प्लेसमेंट हासिल किया, जो उनके आतिथ्य करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जावर में खाद्य एवं पेय सेवा प्रबंधन बैच के अट्ठाईस प्रशिक्षुओं ने उदयपुर के रमाडा रिसॉर्ट का दौरा कर वहां पर प्रबंधन और प्रक्रिया के बारें में जानकार ली। इस दौरान वे फ्रंट ऑफिस, किचन और हाउसकीपिंग सहित लक्जरी होटल संचालन की वास्तविक अनुभव से रूबरू हुए।

जावर के अट्ठाईस निहत्थे सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षुओं ने जावर माइंस पुलिस स्टेशन का दौरा किया, जहां उन्होंने आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकों को सीखा। हिन्दुस्तान जिंक के देबारी स्थित जिंक कौशल केंद्रों के माध्यम से लगभग 1300 से अधिक ग्रामीण युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका मिलने में सफलता प्राप्त हुई है एवं भारत के ग्रामीण समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिला है। यह पहल ग्रामीण युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल विकस का प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है, जिनमें आतिथ्य, माइक्रोफाइनेंस, ग्राहक संबंध प्रबंधन, सौर ऊर्जा और निहत्थे सुरक्षा सेवाओं में विशेष पाठ्यक्रम सम्मिलित है।

## मकर संक्रांति का पर्व आज

**राजसमन्द, (निसं)।** शहर सहित जिलेभर में मकर संक्रांति का पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। जिसके चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग मकर संक्रांति पर जिले भर में गरीब लोगों को दान करेंगे।

इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पण्डित अर्जुन कृष्ण पालीवाल ने बताया कि मकर सक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी, क्योंकि मकर सक्रांति तब रहती है जब मकर राशि पर सूर्य प्रवेश करता है और मकर राशि की प्रथम किरण पृथ्वी पर आती है उस दिन मनाई जाती है। पं अर्जुनकृष्ण पालीवाल के अनुसार सूर्यदेव का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी को होगा।

Phone No.- 02955-220056 Email-nagarpalikafatehnagarsanwad@gmail.com, eo.mb_fatehnagar@yahoo.com

**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर( राज. )**
फतहनगर सनवाड रोड, उपतहसील कार्यालय के पास, सनवाड़, तहसील मावली, जिला उदयपुर( राज.) पिन कोड- 313206

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2024-25/2020 दिनांक: 13.01.2025

**-: उजरदारी सुचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थी ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के भूखण्ड की निर्माण स्वीकृति चाही गयी है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक सम्बन्धी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस उजरदारी सुचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मई दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी करने सम्बन्धी अग्रिम कार्रवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पडौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्रीमती मनीषा पंवार पत्नी श्री मनोज कुमार जी, निवासी फतहनगर तह.मावली जिला-उदयपुर | वार्ड नं. 5 सनवाड योजना लक्ष्मी होटल के पीछे हाइवे सनवाड, ग्राम-सनवाड | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड सं.-D2 | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड सं.-D4 | 1600 |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका फतेहनगर-सनवाड़

# वैन से गिरे स्कूली बच्चे

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सेक्टर.5 स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल की चलती वैन से सोमवार को तीन बच्चे गिर गए। आस-पास के लोग तुरंत बच्चों को उठाकर हॉस्पिटल लेकर गए। बच्चों की हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि वैन का ड्राइवर शराब के नशे में था और तेज स्पीड से वेन चला रहा था। तभी एक बेरियर पर वैन जंप करते हुए उछली और डिक्की खुलने से बच्चे गिर गए। हादसे का पता लगने पर अभिभावक स्कूल पहुंचे और आक्रोश जताया। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होती है। उन्हें स्कूल वैन के ड्राइवर की नियुक्ति से पहले अनुभव और बाकी चीजों की जांच करनी चाहिए। सूचना पर हिरण मगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ड्राइवर साहिल कच्छावा को हिरासत में लेकर वैन जब्त की। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ने वैन चलाते समय शराब पी थी। उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।




